# Proceedings of the Meeting

Date: 09.02.2022

The meeting of IQAC was held today as on 09.02.2022 at 2:30PM in the Office of the Coordinator. In this meeting all the agenda notified for the meeting were taken up in the chairmanship of the Principal and were discussed by the respected members. The major points of the discussion are as follows:

I) The agenda of making smart classroom operational was taken up and its importance for the betterment of students was discussed by the respected members. It was unanimously decided to put up this matter in the development committee for the necessary purchase of equipments such as smart board, projector, etc. for effective operation of the classroom.

II) The matter of College Canteen was discussed at length, such as necessary arrangements, seating arrangements for students and teachers. It was decided to open the Canteen for the ease of students after getting its approval from the development committee.

III) The members of the IQAC raised the issue of purchase of sports equipments and discussed as to how training and participation of students in sports activities may effectively be ensured for their all round development.

IV) In the meeting, members also discussed the purchasing of equipments for the newly built Gymnasium in the college and also the effective operationalization of the Gymnasium.

In the end of the meeting, vote of

thanks was proposed to the Chairperson of the meeting for his supportive and positive gesture.

BLGupta 09.02.2022
Coordinator

[signature] 09/02/2022
Principal

1) Dr. Surya Narayan Pandey (Chairperson) [signature]
2) Dr. B.L. Gupta (Coordinator) BLGupta 9.2.22
3) Dr. Bhavesh Kumar (Bursar) Bhavesh Kumar 09.04.022
4) Prof. Raj Kumar Prasad (Member) Raj Kumar Prasad 09/IV/022
5) Dr. Bindunath Jha (Member) [signature] 09/04/22
6) Shri K.K. Chaudhary (Member)
7) Shri Bhagwan Kumar Jha (Member) Bhagwan Jha

# Proceedings of the Meeting

Date: 05.04.2022

A meeting of IQAC was held today under the chairmanship of the Principal of the college at 2:30 pm in the Office of the Coordinator. In this meeting the agenda notified were taken up one by one and discussed by the respected members of IQAC. The main points of the discussion are as follows:

I) The agenda of upgrading the college library was taken up and discussed at length. The members agreed on the purchase of new books in the library and decided to take up this matter in the meeting of the Development Committee of the college.

II) Another issue that was discussed was how to upgrade science laboratories for their proper functioning. Members suggested and agreed that a list of essential lab equipments should be prepared after consulting teachers and lab boys concerning particular labs. Thereafter, proposal for purchase of such essential equipments should be put forward to the development committee of the College for further action.

III) Pure drinking water for students was considered quite seriously and the members decided to raise the issue in the Development Committee and demand the purchase of water-purifier to be installed for students and teachers.

IV) The matter of proper maintanence of the College playground was discussed at length and the levelling of the playground for proper sports activities was emphasised upon unanimously by all the members of IQAC. Further, it was decided to forward this matter for needful action, to the Development Committee of the College.

assured members of taking up all these issues in the Development Committee for further needful action. The meeting came to a close with a vote of thanks proposed to the Chairman of IQAC.

B L Gupta 05.04.22
(Coordinator)

05/4/2022
Principal

Members:

I) Dr. Surya Narayan Pandey (Chairperson)
II) Dr. B. L. Gupta (Coordinator) B L Gupta 05.04.22
III) Dr. Bhavesh Kumar (Bursar) Bhavesh Kumar 05.04.022
IV) Prof. Raj Kumar Prasad (Member) Raj Kumar Prasad 05/04/22
V) Dr. Baidyanath Jha (Member) 05/04/22
VI) Shri K. K. Chaudhary (Member)
VII) Shri Bhagwan Kumar Jha (Member)

बैठक सं० – 1/22 दिनांक- 07.12.2022

आज दिनांक 07.12.2022 को अपराह्न में, प्रधानाचार्य के अध्यक्षता में महाविद्यालय विकास एवं भवन निर्माण समिति की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें अधोलिखित सदस्य सम्मिलित हुए।

(हस्ताक्षर) 07/12/2022
प्रधानाचार्य

(i) प्रो० जीवा नन्द झा – विश्वविद्यालय प्रतिनिधि – (हस्ताक्षर) 07.12.2022
(2) श्री राज कुमार प्रसाद – वरीय शिक्षक – (हस्ताक्षर) 07/12/2022
(3) डॉ० विष्णु नाथ झा – शिक्षक प्रतिनिधि – (हस्ताक्षर) 07.12.2022
(4) डॉ० भावेश कुमार — बर्सर — Bharesh Kumar 07.12.2022.
(5) श्री कांति कुमार चौधरी – शिक्षकेत्तर प्रतिनिधि – (हस्ताक्षर)
(6) श्री कैलाश कुमार — विश्वविद्यालय अभियंता –
(7) श्री निशांत कुमार — वास्तुविद —

प्रस्ताव–01- विगत बैठक की सम्पुष्टि पर विचार।

पारित प्रस्ताव – उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से विगत बैठक की सम्पुष्टि की।

प्रस्ताव– 02 – गाँधी सभागार को सेमिनार हॉल के रूप में विकसित करने पर विचार।

पारित प्रस्ताव – सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी NAAC हेतु सेमिनार हॉल का होना आवश्यक है। सभी सदस्यों ने प्रधानाचार्य को अधिकृत किया कि गाँधी सभागार को सेमिनार हॉल में विकसित करने हेतु अभियन्ता से प्राक्कलन तैयार करवाकर टेंडर द्वारा कार्य का सम्पादन करें।

प्रस्ताव -03- गाँधी सभागार के साथ-साथ ग्रीन रूम व एक बॉथरूम के निर्माण पर विचार।

पारित प्रस्ताव - सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सेमिनार हॉल के साथ-साथ गाँधी समागार के दक्षिण में ग्रीन रूम एवं पश्चिम में एक वॉशरूम का निर्माण अभियन्ता से प्राक्कलन प्राप्त कर प्रधानाचार्य कार्य करवाने हेतु अधिकृत किये गये।

प्रस्ताव-04- छात्रा सामान्य सदन के निर्माण पर विचार।

पारित प्रस्ताव - NAAC के मद्देनजर सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रधानाचार्य को अधिकृत किया कि क्रय समिति के निर्देशन में अभियन्ता से प्रक्कलन प्राप्त कर कार्य का सम्मा सम्पादन करवाया जाय। तदुपरान्त कार्य सम्पादन का विवरण महाविद्यालय विकास व भवन निर्माण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर अनुमोदन प्राप्त करें।

प्रस्ताव-05- प्रशासनिक भवन के जीर्णोद्धार एवं निर्माण पर विचार।

पारित प्रस्ताव - सभी सदस्यों ने प्रशासनिक भवन का निरीक्षण किया एवं निर्णय लिया कि कार्यालय की स्थिति ठीक नहीं है। सर्वप्रथम प्रशासनिक भवन का जीर्णोद्धार एवं निर्माण किया जाय। इस कार्य हेतु प्रधानाचार्य को अधिकृत किया गया कि वे अभियन्ता से प्राक्कलन प्राप्त कर निविदा के माध्यम से कार्य का सम्पादन करें।

प्रस्ताव-06- पुस्तकालय के शिफ्टिंग एवं अपग्रेडेशन पर विचार।

पारित प्रस्ताव - NAAC हेतु ~~म~~ महाविद्यालय में एक आधुनिक पुस्तकालय का होना आवश्यक है। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वर्तमान पुस्तकालय को वद्री-भवन के ऊपर शिफ्ट कर अपग्रेड करवाया जाय। उक्त कार्य हेतु प्रधानाचार्य अधिकृत किये गये।

प्रस्ताव -07- प्रधानाचार्य कक्ष के ऊपर IQAC हेतु भवन निर्माण पर विचार।

पारित प्रस्ताव- सभी सदस्यों ने NAAC के 2nd cycle हेतु एक आधुनिक IQAC भवन के निर्माण पर विचार किया। प्रधानाचार्य प्रकोष्ठ के ऊपर एक भवन निर्माण की सहमति बनी। इस कार्य हेतु प्रधानाचार्य अधिकृत किये गये कि प्राक्कलन तैयार करवा-कर निविदा द्वारा कार्य का प्रारम्भ किया जाय साथ ही प्रधानाचार्य को अधिकृत किया गया कि उपलब्ध राशि से प्राथमिकता के आधार पर कार्य का चयन करें।

प्रस्ताव-08- प्रयोगशाला भवन से एसबेस्टस हटाकर पक्कीकरण पर विचार।

पारित प्रस्ताव- सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रयोग-शाला भवन के ऊपर से एसबेस्टस हटाकर उसे पक्कीकरण करवाया जाय। इसके ऊपर भी भवन निर्माण कर विज्ञान विषयों के प्रायोगिक भवन का निर्माण करवाया जाय। उक्त कार्य हेतु प्रधानाचार्य को अधिकृत किया गया कि वे अभियन्ता से प्राक्कलन प्राप्त कर निविदा आमन्त्रित कर कार्य सम्पन्न करवायें।

प्रस्ताव-09- महाविद्यालय में संगोष्ठी, कार्यशाला, म०वि० पत्रिका का प्रकाशन आदि पर विचार।

पारित प्रस्ताव- सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि NAAC हेतु सभी विषयों में संगोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन आवश्यक है। इस कार्य हेतु महाविद्यालय राशि से सहयोग करेंगे। महाविद्यालय द्वारा एक पत्रिका के प्रकाशन पर विचार किया गया तथा निर्णय लिया गया कि इस कार्य हेतु किसी सक्षम से निर्देश प्राप्त किया जाय।

प्रस्ताव-10- महाविद्यालय में खेल का आयोजन एवं NSS द्वारा विभिन्न कार्यक्रम के आयोजन पर विचार।

पारित प्रस्ताव- महाविद्यालय मे खेल आयोजन हेतु सामग्रियो की खरीद पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि खेल संस्कृति का निर्माण आवश्यक है। NSS हेतु समिति ने निर्णय लिया कि NAAC के मद्देनजर आवश्यक आयोजन किया जाय। समिति ने इस हेतु प्रधानाचार्य एवं NSS कार्यक्रम पदाधिकारी को अधिकृत किया।

प्रस्ताव - 11 - छात्रों के लिए साईकल स्टैण्ड के निर्माण पर विचार।

पारित प्रस्ताव- सर्वसम्मति से सदस्यों ने साईकल स्टैण्ड के निर्माण हेतु प्रधानाचार्य को अधिकृत किया साथ ही इस कार्य हेतु क्रय समिति द्वारा कार्य करवाने की सम्पुष्टि की।

प्रस्ताव-12- कम्प्यूटर लैब एवं डिजिटल वर्ग-कक्ष हेतु उपकरण खरीद पर विचार।

पारित प्रस्ताव — उपस्थित सभी सदस्यों ने NAAC के मद्देनजर तीन फर्म से Quotation प्राप्त कर आवश्यक उपकरणों के खरीद हेतु सर्वसम्मति से प्रधानाचार्य को आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए क्रय करने हेतु अधिकृत किया।

प्रस्ताव -13- स्नातक-स्तरीय पाठ्यक्रमानुसार पुस्तकों की खरीद पर विचार।

पारित प्रस्ताव — उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रधानाचार्य को अधिकृत किया कि सभी शिक्षकों से विषय-वार पाठ्यक्रम के अनुरूप पुस्तकों की सूची प्राप्त कर क्रय की जाय। क्रय की प्रक्रिया 03 फर्मों से Quotation प्राप्त कर कम दर Quote करने वाले फर्म से किया जाय।

प्रस्ताव -14- सभी विभागों हेतु एक टेबल/विभाग व चार कुर्सी/विभाग क्रय पर विचार।

पारित प्रस्ताव- सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि

प्रत्येक विषय के शिक्षक को एक टेबल एवं 4 कुर्सी मुहैया करवाई जाय। क्रय समिति से प्राप्त अनुमोदन एवं 03 फर्मों से प्राप्त Quotation के आधार पर कम दर Quote करने वाले फर्म से उक्त फर्नीचर के क्रय हेतु प्रधानाचार्य को अधिकृत किया गया।

प्रस्ताव-15- महाविद्यालय में कैंटीन का उद्घाटन व सुचारु रूप से संचालन पर विचार।

पारित प्रस्ताव- महाविद्यालय के IQAC द्वारा पारित प्रस्ताव के आलोक में विकास समिति के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि महाविद्यालय कैंटीन का शुभारम्भ किया जाय।

प्रस्ताव- 16- IQAC से पारित प्रस्ताव के आलोक में खेलकूद से सम्बन्धित उपकरणों के क्रय पर विचार।

पारित प्रस्ताव:- सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रधानाचार्य को अधिकृत किया कि खेलकूद से सम्बन्धित उपकरणों की खरीद के लिए क्रय समिति के अनुमोदन एवं Quotation प्राप्त कर क्रय की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाय।

प्रस्ताव -17- IQAC से पारित प्रस्ताव के आलोक में महाविद्यालय विज्ञान प्रयोगशालाओं के लिए आवश्यक उपकरणों के खरीद पर विचार।

पारित प्रस्ताव- सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विज्ञान विषयों के प्रयोगशालाओं से सम्बन्धित आवश्यक उपकरणों की सूची सम्बन्धित शिक्षकों से प्राप्त कर Quotation के आधार पर क्रय समिति के अनुमोदनोपरान्त प्रधानाचार्य को आवश्यक उपकरणों के क्रय हेतु अधिकृत किया गया।

प्रस्ताव -18- छात्रों के लिए शुद्ध पेय-जल आपूर्ति सुनिश्चित करने पर विचार।

पारित प्रस्ताव — सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शुद्ध पेय-जल आपूर्ति हेतु आवश्यक उपकरणों

के क्रय हेतु प्रधानाचार्य को अधिकृत किया जाय।

प्रस्ताव सं० – 19 – IQAC से पारित प्रस्ताव के आलोक में खेल-मैदान में मिट्टीकरण पर विचार।

पारित प्रस्ताव – सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि उक्त कार्य के लिए प्रधानाचार्य को अधिकृत किया जाय।

प्रस्ताव – 20 – महाविद्यालय में विभिन्न समिति के गठन पर विचार।

पारित प्रस्ताव – सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय स्तरीय विभिन्न समिति के गठन के लिए प्रधानाचार्य को अधिकृत किया जाय।

प्रस्ताव – 21 – महाविद्यालय क्रय समिति के गठन पर विचार।

पारित प्रस्ताव – महाविद्यालय भवन-निर्माण समिति एवं क्रय समिति के गठन पर विचार किया गया, एवं प्रधानाचार्य के अध्यक्षता में सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से एक क्रय समिति के गठन पर सहमति प्रदान की जिसके सदस्य निम्नवत होंगे :–

i) डॉ० बिन्दुनाथ झा (वरीय शिक्षक)
ii) डॉ० भवेश कुमार (बर्सर)
iii) श्री क्रान्ति कुमार चौधरी (प्र० लेखापाल)

(हस्ताक्षर) 07/12/2022
प्रधानाचार्य